## प्रस्ताव के बारे में विवरण एवं प्रस्ताव की औचित्य एवं आवश्यकता का प्रमाण पत्र

## परियोजना का नाम– एस0सी0पी0 के अन्तर्गत जनपद अल्मोड़ा के विकास खण्ड भैसियाछाना के नौगाँव से कनारीछीना मोटर मार्ग का निर्माण (लम्बाई2.015 किमी0)

उक्त मोटर मार्ग पी0एम0जी0 एस0वाई0 खण्ड अल्मोड़ा द्वारा पूर्व निर्मित खौलखीर–नौगाँव मोटर मार्ग के किमी0 6 हैक्टोमीटर 8–10 से प्रारम्भ होकर कनारीछीना को जोड़ता है। जोकि बाड़ेछीना सेराधाट मोटर मार्ग के किमी0 31 में मिलता है। उक्त मोटर मार्ग की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति शा0सं0 2102/।।।(2)/16–62 (एम0एल0ए0)/2016 दि0–11/07/2016 से 4.00 किमी0 हेतु रू0 14.58 लाख प्राप्त हुई है। जिसकी वास्तविक लं0 2.015 किमी0 आती है। जिसका वन भूमि प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण होने से निम्नलिखित ग्रामों की जनसंख्या लाभान्वित होगी।

| क्रम सं0 | ग्राम का नाम | जनसंख्या |
|---|---|---|
| 1 | नौगांव | 1105 |
| 2 | हटौला | 264 |
| **कुल योग** | | **1369** |

उक्त क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अनाज, सब्जी, फल, आदि का उत्पादन होता है। परन्तु सड़क न होने से स्थानीय जनता का विपर्णन का कार्य नहीं हो पाता है। इसके अतिरिक्त अल्मोड़ा जिला पयर्टन की दृष्टि से भी अग्रणीय है। सड़क बनने से इस क्षेत्र में पयर्टन की भी सम्भावना होगी। सड़क की व्यवस्था न होने के कारण ग्रामीण जनता को यातायात की सुविघा नहीं मिल पा रही है। उत्तराखण्ड शासन द्वारा उक्त ग्रामों को जोड़ने हेतु मोटर मार्ग स्वीकृत किया गया है।

उक्त मोटर मार्ग की वास्तविक ल0 2.015 किमी0 है तथा मार्ग की चौ0 9.00 मी0 में ली गयी है। मार्ग के निर्माण में 1.242 है0 सिविल एवं सोयम भूमि तथा 0.135 है0 वन पंचायत भूमि कुल 1.377 है0 वनभूमि प्रभावित होती है। तथा 0.437 है0 नाप भूमि प्रभावित होती है। उक्त प्रयोजनार्थ यह भूमि न्यूनतम भूमि है। समरेखन के अन्तर्गत कोई मकान, मस्जिद, कब्रस्तान का भाग नहीं पड़ता है। इस मोटर मार्ग का भूगर्भीय सर्वेक्षण कर लिया गया है। जो कि उचित पाया गया। मोटर मार्ग का समरेखन अधीक्षण अभियन्ता से स्वीकृत है। सड़क बनने से निश्चत रूप से क्षेत्र का विकास होगा, रोजगार के अवसर बनेंगे। स्थानीय कृषक अपने उत्पादों को बजार में ला सकेगे। जिससे उन्हें अपने उत्पादों का उचित मूल्य मिलेगा, तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ सबन्धित सुविधाओं का विकास होगा। इस दृष्टि से उक्त मोटर मार्ग का निर्माण आवश्कीय है। इस उद्देश्य से वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव गठित कर प्रस्तुत किया जा रहा है।

अतः प्रस्तावित भूमि का वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव स्वीकृत करने की कृपा करें।

6/6/18

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
अल्मोड़ा

अधीक्षासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
अल्मोड़ा